शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला-धमतरी (छत्तीसगढ़)

# ACTIVITY ALBUM
# (2018-19)

## योग दिवस का आयोजन

अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जुन 2018 के अवसर पर शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय नगरी के मैदान पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम









का आयोजन किया गया जिसमें कि नगरी तहसील में स्थित समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के समस्त कर्मचारी एवं शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत् छात्र–छात्रायें व शिक्षक, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी सम्मिलित हुऐ । इस अवसर पर योग प्रशिक्षक श्री राजपूत जी ने उपस्थित लोगो को योग के महत्व एवं उसकी आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं अपने दैनिक जीवन में प्रत्येक व्यक्ति योग अपनाये जाने एवं योग के लिये समय देने हेतु प्रेरित किया गया ताकि मानव शरीर स्वस्थ एवं रोगमुक्त हो सके । इसके साथ ही उपस्थित समुदाय को योग संकल्प भी दिलाया गया । उपरोक्त सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता प्रदर्शित की ।

## :: मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 26/07/2018 मतदाता जागरुकता अभियान(स्वीप) के तारतम्य में युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति महत्व एवं जागरुकता उत्पन्न करने के उददेश्य से तथा ऐसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम









नही है उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के मार्गदर्शन में एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.मनोज कुमार शर्मा ने मतदान के अधिकार एवं उसके उपयोग के संबंध में छात्र–छात्राओ को संबोधित किया और एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिये अपने मतदान के अधिकार के प्रति जागरुक होकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रपत्र–06 भरने के संबंध में विस्तृत जानकारी नवीन प्रवेशित छात्र–छात्राओं को प्रदान की । उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत ऐसे छात्र–छात्राऐं जो 01 जनवरी 2018 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है, उन्हे प्रपत्र–06 भरकर मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने एवं अपना परिचय पत्र बनवा कर एक निर्भीक मतदाता के रुप में बिना प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने हेतु जागरुक किया गया । इसके साथ ही महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं को अपने नगर, गांव एवं अपने घर–परिवार के अन्य सदस्यों को भी अपने मताधिकार का उपयोग किये जाने के लिये प्रोत्साहित करने का दायित्व सौंपा गया ।

## :: भूतपूर्व छात्र अधिवेशन (Alumni Association) ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 10.08.2019 को महाविद्यालय के भूतपूर्व प्रतिभावान एवं वर्तमान मे नगरी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रो में अपने कार्यो से समाज में विशिष्ट एवं सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने वाले छात्रो का अधिवेशन महाविद्यालय के कक्ष कमांक 21 सभागृह में आयोजित किया गया । जिसमें महाविद्यालय मे पूर्व वर्षो में अध्ययनरत् नियमित भूतपूर्व प्रतिभावान छात्रो के रुप में अपनी विशिष्ट पहचान छोडने वाले गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया जिसमें कि सभी अतिथियों ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए उक्त दिनांक एवं समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की ।कार्यकम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के करकमलों से विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । कार्यक्रम के संचालनकर्ता डॉ.अश्विनी कुमार ध्रुव के व्दारा सर्वप्रथम सभी आमत्रित भूतपूर्व छात्र एवं गणमान्य नागरिको का पुष्पहार एवं तिलक से स्वागत वंदन किया जाकर उनका परिचय उपस्थित श्रोतागण एवं अन्य सभी सदस्यों से कराय गया एवं उनकी उल्लेखनीय गतिविधियो एवं कार्यकलापो पर प्रकाश डाला गया एवं महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान एवं उसके उपरांत भी महाविद्यालय के विकास एवं उन्नति के लिए उनके व्दारा किए गए सहयोग एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया । महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख डॉ.अमिताभ बैनर्जी के आर्शीवचनो एवं प्रारंभिक उद्‌बोधन के उपरांत सभी भूतपूर्व छात्र एवं गणमान्य नागरिको ने मंच के माध्यम से अपने अध्ययन काल मे महाविद्यालय मे गुजरे पलों एवं शैक्षणिक अनुभवों को उपस्थित अन्य सभी सदस्यों से साझा किया एवं रोचक किस्सों एवं शेरो शायरी के माध्यम से इस आयोजन के लम्हों को यादगार एवं गौरवशाली पलों में तब्दील कर दिया जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया । इसके साथ ही बैठक में उपस्थित भूतपूर्व छात्र प्रतिनिधियों मे से ही एक कार्यपरिषद का गठन निम्नानुसार किया गया:

1. अध्यक्ष – श्रीमान प्रदीप छाजेड़
2. उपाध्यक्ष – 1. श्री सुरेश कुमार साहू, बिलमदर
   2. सुश्री चन्द्रकुमारी नवरंगे, छिपली
3. सचिव – श्री रविशंकर साहू, मोदे
4. सहसचिव – सुरेश साहू, नगरी
5. कार्यकारिणी सदस्य –
   1. श्री नरेश कुमार छैदेहा
   2. श्री तोमल साहू, छिपली
   3. हृदयराम साहू
   4. अभिषेक जैन
   5. कुसुम साहू
   6. सच्चिदानंद स्वर्णबेर

अंत में कार्यक्रम के संचालक एवं समन्वयक डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव विभागाध्यक्ष हिन्दी के द्वारा आभार प्रदर्शन एवं प्रतिवर्ष भूतपूर्व छात्र अधिवेशन के आयोजन किये जाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम के विधिवत समापन की घोषणा की गई ।









## :: हिन्दी दिवस का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 14.09.2018 को हिन्दी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत महाविद्यालय में वर्तमान परिवेश में हिन्दी की दशा एवं दिशा विशय पर वाद–विवाद






प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आय

ोजित किये गये । समस्त विद्यार्थियों ने हिन्दी भाषा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए उसके विकास एवं संवर्धन का संकल्प लिया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी, प्रो.डी.सी.खेलन, कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा, श्री मिर्जा मुस्ताक बेग, सुश्री योगिता समुंद, सुश्री काजल साहू, सुश्री हर्षा तिवारी तथा समस्त कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्रा उपस्थित थे ।

## :: वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में "हरियर छत्तीसगढ़" अभियान के अन्तर्गत् पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ वातावरण निर्माण में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने हेतु महाविद्यालय जनभागीदारी समिति












की अध्यक्षा माननीय श्रीमति प्रेमलता नागवंशी, जनभागीदारी सदस्य श्रीमती सुलोचना साहू, श्री कमल डागा तथा प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी की गरिमामयी उपस्थिति मे बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम दिनाक 19/09/2018 को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न किया गया । उक्त कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष महोदया ने अपने करकमलों से छायादार, औशधियुक्त एवं फलदार वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तत्पश्चात् स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र–छात्राओं को मतदान के प्रति जागरुकता हेतु शपथ दिलायी गई । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण प्रो.डी.सी.खेलन, डॉ.पी.एस.सोनसाठ, डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव, प्रो.मनोज कुमार जागड़े, प्रो.मनोज कुमार शर्मा, प्रो.जयेश करंजगावकर एवं अतिथि व्याख्यातागण, कर्मचारीगण श्री अविरल तिवारी, श्री सागर मण्डावी, श्री अशोक कुमार ध्रुव सहित बड़ी संख्या छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे ।

## :: राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 25.09.2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमती प्रेमलता नागवंशी






अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.अमिताभ बैनर्जी, प्राचार्य थे । विशेष अतिथि के रुप में श्री कमल डागा, जनभागीदारी समिति सदस्य, वरिश्ठ प्राध्यापक प्रो.डी.सी.खेलन, डॉ.पी.एस.सोनसाठ, प्रो.मनोज कुमार शर्मा, प्रो.जयेश करंजगांवकर, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो.एस.आर. दर्रो एवं समस्त अतिथि व्याख्यातगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे । कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन मे महाविद्यालय की राश्ट्री सेवा योजना इकाई के प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव ने रासेयो के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला । इस अवसर पर रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, रासेयो लक्ष्य गीत एवं संक्षिप्त इतिहास एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई । उक्त कार्यक्रम का संचालन रासेयो के वरिश्ठ छात्र श्री धनंजय पटेल ने किया । कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में छात्र–छात्राऐं उपस्थित रहे ।

## :: मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांकः 03/10/2018 को मतदाता जागरुकता अभियान(स्वीप) के तारतम्य में युवा मतदाताओं एवं महाविद्यालय के गोदग्राम छिपली में निवासरत मतदाताओं में मतदान के प्रति महत्व एवं जागरुकता उत्पन्न करने के उददेश्य से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के निर्देशन एवं महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.मनोज कुमार शर्मा एवं प्रो.राजाराम मेहरा के मार्गदर्शन में एक







विशाल मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया । महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं एवं रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा धमतरी जिले में शतप्रतिशत मतदान को बढ़ाने एवं 18 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को चुनाव में भाग लेकर मतदान हेतु प्रेरित करने के लिये नारों के माध्यम से लोगो में संदेश दिया गया । उक्त मतदाता जागरुकता रैली के आयोजन का मुख्य लक्ष्य सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं की भूमिका को प्रकट करना था ताकि गांव शहर के प्रत्येक मतदाता जागरुक होकर शत–प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा कर सके ।

## :: विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 03.10.2018 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति के सौजन्य से एवं शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।






उक्त रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय के व्याख्यातागणों ने इस महान कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान कर स्वैच्छिक रक्तदान किया ।

## :: छात्रसंघ शपथग्रहण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक: 09/10/2018 सत्र 2018–19 के मनोनीत छात्रसंघ पदाधिकारियो एवं कक्षा प्रतिनिधियों का शपथग्रहण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन संस्था










प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी की अध्यक्षता मे तथा छात्रसंघ प्रभारी प्रो.डी.सी.खेलन के मार्गदर्शन में किया गया । उक्त शपथग्रहण कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय ने नवगठित छात्रसंघ के मनोनीत पदाधिकारियों अध्यक्ष–कु.उर्मिता, एम.ए. हिन्दी तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष–कु.चंद्रिका एम.ए. हिन्दी प्रथम सेमेस्टर, सहसचिव–कु.शारदा नाग बी.एस–सी. भाग–3 (बायो समूह), सहसचिव–ताराचंद, बी.एस–सी. भाग–2 (गणित समूह) तथा 20 कक्षाओं के लिये कक्षा प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी । कार्यक्रम मे पदाधिकारियो एवं कक्षा प्रतिनिधियो को छात्रसंघ गठन के उद्देश्यों एवं लक्ष्यो के बारे मे भी अवगत कराया जाकर महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के हित एवं महाविद्यालय के उन्नति एवं विकास के लिये कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया । अंत मे छात्रसंघ प्रभारी प्रो.डी.सी.खेलन द्वारा उपस्थित अधिकारीगणों एवं छात्रसंघ पदाधिकारियो, कक्षा प्रतिनिधियो का आभार प्रदर्शन करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की गई । उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ.पी.एस.सोनसाठ, डॉ.ए.के.ध्रुव, प्रो.मनोज कुमार शर्मा, प्रो. जयेश करंजगावंकर, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो.एस.आर.दर्रो, समस्त अतिथि व्याख्यातागण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्रा उपस्थित थे

:: मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत संकल्प सभा का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 11/10/2018 कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी धमतरी (छ.ग.) एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरुकता अभियान(स्वीप) के अंतर्गत युवा मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान के लिये






प्रेरित करने हेतु मतदाता संकल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी द्वारा समस्त उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं को प्रजातांत्रिक व्यवस्था में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए भय एवं लोभ से मुक्त होकर अनिवार्य मतदान करने के लिये शपथ दिलायी गयी इसके साथ ही उपस्थित छात्र–छात्राओं एवं अधिकारियों को आने वाले समस्त निर्वाचनों में अपने निर्वाचकीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निश्ठा एवं ईमानदारी से किये जाने हेतु प्रेरित किया गया । उक्त शपथ कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा आकर्शक स्वीप लोगो का निर्माण किया जाकर विशाल मानव श्रृंखला तैयार की गई । उक्त कार्यक्रम स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.मनोज कुमार शर्मा एवं प्रो.राजाराम मेहरा के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया ।

## :: मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर एवं परिचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 26.11.2018 को संविधान दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के निर्देशन में महाविद्यालय में प्रस्तावना वाचन एवं









सगोश्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । छात्र–छात्राओं ने भारतीय संविधान पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए संविधान की महत्ता को बताया । कार्यक्रम के संचालक प्रो.राजाराम मेहरा रहें । महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो.मनोज कुमार शर्मा, प्रो.जयेश करंजगांवकर, प्रो. एस.आर.दर्रो, समस्त अतिथि व्याख्यातगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम अपनी सहभागिता प्रदान की ।

## :: विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 05.12.2018 को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषि विभाग नगरी के सौजन्य से प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के निर्देशन में महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में श्री वतन जाधव, कृशि विकास अधिकारी द्वारा फसलचक परिवर्तन पर जानकारी प्रदान की गई एवं श्री आकाश निर्मल कृशि विकास अधिकारी ने मृदा परीक्षण एवं मिट्टी के प्रकार, उर्वरकता एवं खाद की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी । छात्र–छात्राओं द्वारा मृदा संबंधी प्रश्न का भी समाधान किया गया । महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो.राजाराम मेहरा प्रो.एस.आर. दर्रो, श्री अविरल तिवारी समस्त अतिथि व्याख्यातगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं ने कार्यकम अपनी सहभागिता प्रदान की । कार्यकम कां संचालन डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव ने किया । साथ ही लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध सकियता के वैश्विक अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में शपथग्रहण कार्यकम आयोजित किया गया ।

## :: गणित दिवस के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 22.12.2018 को गणित दिवस के अवसर प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के निर्देशन में महाविद्यालय में व्याख्यान माला का










आयोजन किया गया । जिसमें डॉ.डी.आर.साहू, प्राध्यापक गणित बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय ने फीबोनाशी श्रेणी द्वारा प्रकृति में पाये जाने वाले अनुकमों को सरल भाशा में समझाया । द्वितीय वक्ता डॉ.बी.एस.ठाकुर प्राध्यापक गणित गणित अध्ययनशाला पं.रविवि रायपुर ने परिमेय विमाओं तथा फैक्टल आकृतियों द्वारा गणित की नयी विधा पर सारगर्भित जानकारी दी । साथ ही वक्ताओं ने जनजातीय क्षेत्र के इस महाविद्यालय के छात्र–छात्राआं को आत्मविश्वास बढ़ानें और उपलब्ध सुविधाओं में सफलता प्राप्त करने के गुर बतायें महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव, प्रो.एस.आर.दर्रो, श्री अविरल तिवारी समस्त अतिथि व्याख्यातागण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं ने कार्य कम अपनी सहभागिता प्रदान की । कार्यक्रम कां संचालन प्रो.जयेश करंजगांवकर तथा श्री राहुल कुमार शर्मा ने किया ।

## :: वार्षिक खेलकुद स्पर्धा का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक को वार्षिक खेलकुद स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें कबड्डी, खो–खो, एथलेटिक्स, दौड, उंची कुद, लंबी कुद, क्रिकेट, व्हॉलीबाल, इंडोर गेम्स जैसे शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, कुर्सी दौड़ आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिये । उक्त वार्षिक खेलकुद स्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया ।









## :: मतदाता जागरुकता अभियान के तारतम्य मे कार्यशाला का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी मे दिनांक 18.1.2019 को जागरुकता अभियान स्वीप के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के निर्देशन मे एवं निर्वाचक साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.मनोज कुमार शर्मा एवं प्रो.राजाराम मेहरा के मार्गदर्शन में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान मे जारी निर्वाचक नामावाली के विशेश संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2019 के तहत महाविद्यालय में नवप्रवेशित ऐसे छात्र–छात्रायें जिनका






नाम निर्वाचक नामावली में मतदाता के रुप में सम्मिलित नही है एवं जिन्होने 1 जनवरी 2019 को 18 वर्श की आयु प्राप्त कर चुके है । ऐसे नये युवा मतदाता छात्र–छात्राओं को निर्वाचक नामावली मे नाम सम्मिलित करने हेतु निर्धारित प्रपत्र–06 का वितरण किया गया । इस कार्यशाला में उपस्थित छात्र–छात्राओं को प्रपत्र–06, 07, 08, एवं 08क के विशय में जानकारी प्रदान की गई । इसके साथ ही सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में एक जागरुक नागरिक एवं मतदाता के रुप में अपने मताधिकार का उपयोग किये जाने हेतु प्रेरित किया गया । उपस्थित छात्र–छात्राओं को स्वप्रेरणा से अपने आसपास के परिचित लोगो को भी निर्वाचन के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के लिये प्रेरित किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. एस.आर.दर्रो, समस्त अतिथि व्याख्यातागण, श्री अविरल तिवारी कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम अपनी सहभागिता प्रदान की ।

## :: राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 25.1.2019 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के निर्देशन में एवं निर्वाचक









साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.राजाराम मेहरा के मार्गदर्शन में श्री डिगेन्द्र किरण एवं साथी द्वारा नृत्य एंव कु.अन्नू साहू एवं साथी द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया । प्राचार्य महोदय द्वारा सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में एक जागरुक नागरिक एवं मतदाता के रुप में अपने मताधिकार का उपयोग किये जाने हेतु प्रेरित किया गया । उपस्थित छात्र–छात्राओं को स्वप्रेरणा से अपने आसपास के परिचित लोगो को भी निर्वाचन के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के लिये प्रेरित किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अश्वनी ध्रुव, प्रो.जयेश करंजगांवकर प्रो.एस.आर.दर्रो, समस्त अतिथि व्याख्यातागण, श्री अविरल तिवारी कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम अपनी सहभागिता प्रदान की ।

## :: परीक्षा में चर्चा 2.0 ::





शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 31.01.2019 को परीक्षा मे चर्चा 2.0 के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा मार्गदर्शन को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया । उन्होने बताया कि छात्र–छात्रा परीक्षा के भय से मुक्त होकर तैयारी करें । साथी ही कम अंक प्राप्त होने पर निराशा का छोड़ अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जुट जाये । छात्र–छात्रा अपने रुचि के विशय को जाने एवं समझे । माता–पिता को बच्चो को व्यस्क होने तक ध्यान देना चाहिये जैसा कि वे बचपन में देते है । उन्होने ने कहा कि टेक्नॉलाजी समस्या भी है एवं समाधान भी है । बच्चो को टेक्नॉलाजी के उचित इस्तेमाल हेतु मार्गदशन किया जाना चाहिये । परीक्षा का आनद लेना चाहिये । ईश्वर ने हर व्यक्ति के अंदर एक विशेश शक्ति दिया है । आपके अंदर बहुत प्रतिभा एवं सामर्थ्य है जिसे उभारना चाहिये । परीक्षा एक अवसर देती है आपके सामर्थ्य को परखने के लिये । तथा आप नंबरो के पीछे न भागते हुए ज्ञान अर्जित करने पर ध्यान देवें । महाविद्यालय के छात्र–छात्रा बहुत उत्साहित हुए एवं परीक्षा को नये दृश्टिकोण से देखने हेतु प्रेरित हुए । इस अवसर पर महाविद्यालय के 27 छात्र–छात्रा उपस्थित थे जिन्होने प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को देखा एवं प्रेरणा ली ।

## :: वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती डॉ.लक्ष्मी ध्रुव जी विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र एवं श्री कृश्णकुमार कश्यप कार्यवाहक अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षता में दिनांक 01.02.2019 को वार्शिक पुरस्कार वितरण एवं









स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । कार्यक्रम में विधायक महोदया ने स्मार्ट क्लासरुम निर्माण हेतु विधायक निधि से राशि प्रदान करने की घोशणा की । कु.चन्द्रेश साहू को 2017–18 में एम.ए. हिन्दी चतुर्थ सेमेस्टर में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान तथा सत्र 2018–19 में माखन यादव बीए भाग–2 का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी (पुरुश वर्ग) में होने पर सम्मानित किया गया । महाविद्यालय में वार्शिक खेलकुद तथा साहित्यिक प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियो को पुरस्कृत कर प्रशस्तिपत्र तथा स्मृतिचिन्ह प्रदान किया गया । छात्र–छात्राओं की इस उपलब्धि से महाविद्यालय गौरवन्वित है तथा प्राचार्य महोदय डॉ.अमिताभ बैनर्जी, खेलकुद प्रभारी डॉ.ए.के. ध्रुव, प्रो.जे.करंजगांवकर, प्रो.आर.आर.मेहरा, प्रो.एस.आर.दर्रो, समस्त अतिथि व्याख्याताओं, छात्रसंघ अध्यक्ष कु.उश्मिता, उपाध्यक्ष कु.चंद्रिका, सचिव शारदा नाग, सहसचिव ताराचंद एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी / कर्मचारियों ने बधाई दी है । इस अवसर पर श्री भूषण साहू पूर्व जनपद सदस्य नगरी, श्री भानेन्द्र ठाकुर पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, श्री निकेश ठाकुर वरिश्ठ सदस्य कांग्रेस नगरी, श्री आनंदराम हिरवानी वरिश्ठ सदस्य कांग्रेस, श्री त्रिभुवन बिसेन, सरपंच ग्राम पंचायत छिपली उपस्थित रहें ।

## :: मतदाता के पंजीयन हेतु दो दिवसीय विशेष अभियान ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में कार्यालय कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी धमतरी से प्राप्त पत्र के निर्देशानुसार दिनांक 02 एवं 03 मार्च 2019 को दो दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्रो में पात्र मतदाता के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के गोदग्राम छिपली में आज दिनांक 02 मार्च 2019 दिन शनिवार को महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत अध्ययनरत छात्र–छात्राओं द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें कि ऐसे पात्र मतदाता जिन्होने 01 जनवरी 2019 को 18 वर्श की आयु प्राप्त कर ली है तथा जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नही हुआ है उनसे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने हेतु घर–घर संपर्क करके जागरुक किया गया एवं उनसे आग्रह किया गया कि वे अपने मतदान केन्द्रो में जाकर इस 02 दिवसीय विशेश शिविर का लाभ उठाते हुए मतदाता सूची में अपना नाम का अवलोकन एवं पंजीयन करवा सकते है । उक्त रैली का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के मार्गदर्शन में एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. मनोज कुमार शर्मा एवं प्रो.राजाराम मेहरा के निर्देशन में किया गया जिसमें कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने रैली के सफल आयोजन में अपनी सहभागिता प्रदर्शित की ।

## :: मतदाता जागरुकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत शपथग्रहण ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 20.03.2019 को कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी धमतरी (छ.ग.) एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता









जागरुकता अभियान(स्वीप) के अंतर्गत युवा मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित करने हेतु षत प्रतिषत मतदात के लक्ष्य को पुर्ण करने के संकल्प के साथ शपथग्रहण किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी द्वारा समस्त उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं को प्रजातांत्रिक व्यवस्था में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए भय एवं लोभ से मुक्त होकर अनिवार्य मतदान करने के लिये शपथ दिलायी गयी इसके साथ ही उपस्थित छात्र–छात्राओं एवं अधिकारियों को आने वाले समस्त निर्वाचनों में अपने निर्वाचकीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निश्ठा एवं ईमानदारी से किये जाने हेतु प्रेरित किया गया । उक्त कार्यक्रम स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.राजाराम मेहरा के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया ।

## :: स्वीप के अंतर्गत ईवीएम एवं वीवीपैट का लाईव प्रदर्शन कार्यक्रम ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 25/03/2019 मतदाता जागरुकता अभियान(स्वीप) के अंतर्गत युवा मतदाताओं को मतदान प्रकिया से अवगत कराने के तारतम्य मे









महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के निर्देशन एवं महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.मनोज कुमार शर्मा एवं प्रो.राजाराम मेहरा के मार्गदर्शन मे महाविद्यालय में ईवीएम एवं वीवीपैट लाईव प्रदर्शन कार्यक्रम छात्र–छात्राओं के मध्य संपन्न किया गया जिसमें उन्हे मतदान के संबंध में प्रयुक्त होने वाली सर्वाधिक महत्वपूर्ण सामग्री ईवीएम की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया । छात्र–छात्राओं को जानकारी दी गई कि निर्वाचन प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता लाने एवं मतदाताओं में ईवीएम की विश्वसनीयता को कायम रखने हेतु आधुनिक ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रयोग वर्तमान निर्वाचन में किया जाना है । डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव एवं प्रो.जयेश करंजगांवकर ने ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली एवं उसके भागो से उपस्थित छात्र–छात्राओं को अवगत कराया जाकर जानकारी दी गई कि निर्वाचक द्वारा अपना मत रजिस्टर्ड करने के उपरांत वीवीपैट मशीन पर 07 सेकेंड के लिये पर्ची अवलोकन हेतु प्रदर्शित होती है जिसे देखकर मतदाता अपने द्वारा दिये गये मत की पुश्टि कर संतुश्ट हो सकता है । ईवीएम एवं वीवीपैट के लाइव डेमो प्रदर्शन एवं हैंडस ऑन प्रैक्टिस के द्वारा उपस्थित छात्र–छात्राओं के शंकाओं एवं प्रश्नों का समाधान भी तत्काल किया गया ।

## :: स्वीप के अंतर्गत निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 26/03/2019 मतदाता जागरुकता अभियान(स्वीप) के तारतम्य में युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति महत्व






एवं जागरुकता उत्पन्न करने के उददेश्य से प्राचार्य डॉ.अमिताभ बैनर्जी के निर्देशन में दिनांक 25.03.2019 को चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया की भूमिका विशय पर निबंध एवं चुनाव में युवा भागीदारी विशय पर भाशण तथा नोटा का उपयोग सही है या गलत है विशय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बडी संख्या में भाग लिया । उक्त कार्यक्रम स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.राजाराम मेहरा, सुश्री हर्शा तिवारी, डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ.ममता सौरज एवं श्री हीराधर साहू के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया ।